संक्षिप्त

अनियमितताओं की जांच की मांग

भरतपुर (निस)। ब्रज भूमि कल्याण परिषद के प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज के नेतृत्व मे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर भरतपुर को ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन मे भरतपुर के मंदिरो मे पुजारियों व देवस्थान विभाग की काली करतूतों से अवगत कराते हुए लिखा गया की बिहारी जी मंदिर प्रांगण मे नृत्य का वीडियो एक वर्ष से भी अधिक पुराना है। जिसकी जानकारी इतने लम्बे समय से देवस्थान विभाग को क्यो नही थी। संज्ञान मे थी तो इन्हे विभाग की ओर से नोटिस क्यो नही दिया गया। वीडियो मे दिख रहे अन्य लोगो के खिलाफ एफ.आई.आर क्यो दर्ज नही की गयी। यह सारे वीडियो पिछली सरकार मे बनाये हुए है। और एक सोची समझी रणनीति के अनुसार एक साथ वायरल किये जा रहे इसकी पूर्ण रुप से जाँच कमेटी बना कर जाँच की जाये जिससे सभी दोषियों को सजा मिले साथ ही सभी मंदिरो पर पूर्ण कालिक मुखिया, पुजारी, सेवादार व बड़े मंदिरो पर चार गार्डो की पूर्णकालिक व्यवस्था हो मंदिरो पर सरकार द्वारा दिये जाने वाले अनुदान की समय पर ऑडिट हो व मंदिरो पर सी.सी.टी.वी कैमरे लगाए जाए जिसकी मॉनेटरिंग अभय कमांड द्वारा की जाये। ज्ञापन देने वालो मे ब्रज भूमि कल्याण परिषद के प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज, संभाग अध्यक्ष गीतम शर्मा महामंत्री केशव देव, उमेश गोयल , प्रांत सुरक्षा प्रमुख हेमंत उपमन परिषद के युवा प्रदेश अध्यक्ष देवाशीष भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री भरतराज सिंह फौजदार मौजूद रहे।

केबिन के ताले तोड़े

मालपुरा (निस) शहर के अतिव्यस्त व्यास सर्किल चौराहे पर एसडीएम आवास के सामने शातिर चोरों ने केबिन के ताले तोड सामान व नगदी चोरी कर ली । मंगलवार की सवेरे केबिन पर पहुंचे पीड़ित को ताले टूटे मिले तथा केबिन से गुटखा, बीडी, सिगरेट व कुछ नगदी गायब मिली। इससे पूर्व भी सर्किल पर केबिनों के ताले टूट चुके है । पुलिस की रात्रि गश्त के बावजूद एसडीएम आवास के सामने व सर्किल के पास केबिनो के ताले टूटने से लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। शहर में बंद पडी रोड लाईटों से सडकों पर छाये अंधेरे का फायदा उठा चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है । प्रमुख चौराहों व व्यापारिक प्रतिष्ठानो व मकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी रोड लाईटे बंद रहने से चोरो के लिये वरदान साबित हो रहे है ।

फाइनेंस बैंक का शुभारम्भ

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित बस स्टेण्ड के पास इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक का जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुचकर फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख टोंक ने कहा कि टोंक जिले के विकास के लिए बैंको का होना आवश्यक है, बैंक के माध्यम से नागरिकों में बचत की आदत पड़ती हैं और आवश्यकता होने पर बचत का उपयोग समय पर किया जा सकता है। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक मनदीप सिंह ने जिला प्रमुख का भव्य स्वागत किया तथा बैंक के क्षेत्रीय प्रंबधक ने बैंक व बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण

टोंक। आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण एच गुईटे के निर्देशो पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने हेतु विशेष अभियान "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" के तहत शहर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी के खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा शहर की विकास विहार कॉलोनी में संचालित फर्म/गोदाम राजश्री फ्रूट्स का औचक निरीक्षण कर फल-फ्रूट (आम, केला, तरबूज इत्यादि) का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। मौके पर फलो को पकाये जाने वाले चैम्बर की काबाईड जांच की गई जों जांच में सही पाया गया।

नौतपा के 3 दिन बीते

निवाई। नौतपा को शुरू हुए 3 दिन हो गए हैं। इन तीन दिनों में तापमान में खास इज़ाफा नहीं हुआ है। मंगलवार को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पर रहा। नौतपा शुरू होने से पूर्व मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान बढ़ नहीं पा रहा है। मंगलवार को भी सुबह के समय आकाश में बादल छाए हुए दिखाई दिए। नौतपा में तापमान का नहीं बढाना लोगों के लिए राहत प्रदान करने वाला है।

कृष्ण रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया

निवाई। गांव नला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा पर प्रवचन देते हुए कथा वाचक पंडित लादूलाल दाधीच ने गोवर्धन पूजा, कृष्ण रुक्मणी विवाह, कंस का वध के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने इंद्र का घमंड तोडने के लिए गोवर्धन पूजा करवाई। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने गोवर्धन की पूजा करने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और इसके अलावा धन-धान्य, संतान और सौभाग्य की प्रप्ति का महत्व समझाया। गोवर्धन पूजा को इंद्रदेव पर भगवान श्रीकृष्ण के विजय के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। जो अहंकार पर धार्मिकता की जीत का प्रतीक है।

शाम को नानी बाई को मायरा में कथा वाचक सुश्री दीपा दाधीच भीलवाड़ा ने कहा कि नरसी मेहता ने राधा कृष्ण के साथ खूब रास किया और कई दिनों तक द्वारिका में रहे।

मादक पदार्थ सप्लायर पुलिस के शिकंजे में, 7 महीने से था फरार

नारायणपुर । नारायणपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक लंबे समय से फरार चल रहे मादक पदार्थ सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिकअप चालक प्रीतम कुमार सैनी (34) पुत्र सरदारा राम सैनी निवासी भगतपुरा मोहल्ला पिछले 17 महीनों से पुलिस को चकमा देकर फरार था। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि 15 जनवरी 2024 को राजपुरा मोहल्ले में एक लावारिस पिकअप संदिग्ध हालात में खड़ी मिली थी। जब पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो उसमें आंवला से भरे 30 कट्टों के नीचे छिपाकर रखे गए 6 काले प्लास्टिक कट्टों में करीब 1 क्विंटल 19 किलो

डोडा पोस्त तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया गया था, लेकिन पिकअप चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस की विशेष टीम ने लगातार आरोपी की

- 1 क्विंटल 19 किलो डोडा पोस्त के मामले में गिरफ्तारी हुई

तलाश जारी रखी और आखिरकार मंगलवार को उसे पकड़ने में सफलता मिली। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उससे नशे की सप्लाई चेन से जुड़ी अहम जानकारियाँ मिलने की उम्मीद है। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के संपर्क में और कौन-कौन लोग थे और नशे के इस नेटवर्क का कितना बड़ा जाल फैला हुआ है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशे के विरुद्ध पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया है।

स्थापना दिवस आज

भरतपुर (निस)। सर्वशक्ति मित्र मण्डल फाउण्डेशन का 8वा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 28 मई बुधवार को शाम 6 बजे पाथेय भवन, मालवीय नगर, जयपुर में आयोजित होगा। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। अतिथि डॉ. अरुण चतुर्वेदी (पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री) जो संस्था के मुख्य संरक्षक भी हैं, समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे। इस मौके पर सम्मानित अतिथियों में महामण्डलेश्वर बालमुकुंदाचार्य (विधायक, हवामहल), जोराराम कुमावत (पशुपालन, गोपालन व डेयरी मंत्री), रंजीता कोली (पूर्व सांसद, भरतपुर), जवाहर सिंह बेड़म (गृह राज्य मंत्री) एवं सुनील कोठारी की विशेष उपस्थिति रहेगी । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व आईओजी सी निदेशक आशुतोष पंत एवं भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

नारायणपुर । कस्बे के धामेंडा धाम स्थित बाबा पीर संज्यानाथ महाराज गौशाला समिति का मंगलवार को तहसीलदार अनिल कुमार व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश चन्द वर्मा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गौशाला में गोवंश के लिए की गई आवासीय व्यवस्था, भंडार, शुद्ध पेयजल, चारा-पानी आदि सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष महंत पीर विवेकनाथ महाराज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों से उनके वेतन व अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली। साथ ही गौशाला समिति द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति को देखा और पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय पशुधन सहायक धर्मपाल यादव, कोषाध्यक्ष महेश सैनी, समिति सचिव कृपा शंकर पारीक, एनजीओ सचिव सुनील शर्मा, पूरण लोधी, शंकर यादव, देवीलाल यादव, प्रहलाद सैनी, गोदाराम गुर्जर, सुल्तान सिंह लोधी, अमर सैनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पावटा में नौ विकास कार्यों का शिलान्यास

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को विधायक कुलदीप धनकड ने विराटनगर नगरपालिका में 2 करोड़ 35 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास कर विधानसभा क्षेत्रवासियों

- 2 करोड़ 35 लाख रुपए के नौ विकास कार्यों का शिलान्यास करने पर विधायक का ग्रामीणों ने स्वागत किया

को बडी सौगात दी है। विधायक ने 2 करोड़ 35 लाख रुपए के नौ विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। जिसको लेकर भाजपा शहर मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी, ओम प्रकाश सैनी, दीपेश चौबे ,फूलचंद सैनी रामरतन शर्मा, रामेश्वर मीणा, छाजू लाल जांगिड़, भैरू राम सैनी, शंकर जाटावत सहित ग्रामीणों ने

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को विधायक कुलदीप धनकड ने विराटनगर नगरपालिका में 2 करोड़ 35 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास कर विधानसभा क्षेत्रवासियों को बडी सौगात दी है।

अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा बंधाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत और आभार प्रकट करते हुए भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक धनकड ने कहा कि क्षेत्र में विकास की कोई कमी नही रहेगी। उन्होंने कहा कि पालिका क्षेत्र में अब शीघ्र ही लोगों को सुसज्जित एवं आकर्षक पार्क मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन केसर देवी सैनी ने की तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, महेंद्र सैनी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रोमेश मिश्रा, रोहिताश सिंधु मौजूद रहे।

ऋषिपाल तिवारी व उमाशंकर शर्मा का सम्मान

भरतपुर (निस)। आरबीएम अस्पताल स्थित अन्नपूर्णा रसोई पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में एडवोकेट श्रषिपाल तिवारी को अतिरिक्त जिला न्यायालय कोर्ट-2 का अपर लोक अभियोजक एवं एडवोकेट उमाशंकर शर्मा को डकैती कोर्ट का अपर लोक अभियोजक नियुक्त करने पर माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा ने बताया कि लोक अभियोजक की भूमिका आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण होती है। उनका प्राथमिक कार्य राज्य या सरकार का प्रतिनिधित्व करना व आपराधिक मामलों में अभियोजन का नेतृत्व करना होता है। अभियोजन को शुरू करने, आरोप तय करने, और अदालत में सबूत पेश करने की प्रक्रिया को भली-भांति संभालना होता है । आप दोनों में

- श्रषिपाल तिवारी को अतिरिक्त जिला न्यायालय कोर्ट-2 का अपर लोक अभियोजक एवं एडवोकेट उमाशंकर शर्मा को कोर्ट का अपर लोक अभियोजक नियुक्त करने पर स्वागत किया

वे सभी क्षमताएं विद्यमान हैं । इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों ने ऋषिपाल तिवारी व उमाशंकर शर्मा को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी । आप दोनों ने समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का विश्वास दिलाया । इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सर्व शक्ति मित्र मण्डल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नैमीचन्द मुद्गल, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, डीईओआईटी के अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, रिटायर्ड थानेदार प्रभुदयाल कटारा, संयुक्त निदेशक डॉइट विपिन शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी मदन गोपाल शर्मा, एलआईसी के लालचन्द शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पं. बनबारीलाल शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, समाजसेवी राजेंद्र पंच, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा सारस, बजरंग दल के लखन शर्मा, समाजसेवी देवेंद्र मोहन तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी अरुण पाठक, ठाहक पंचायत के जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा प्रिंसीपल सहित अनेक विप्र बन्धु मौजूद रहे । इस अवसर पर पधारे हुए सभी आगंतुक विप्र बंधुओं का श्रषिपाल तिवारी ने धन्यवाद-आभार ज्ञापित किया ।

भंडारे में उमड़ा जन सैलाब

पावटा । नगरपालिका पावटा प्रागपुरा की ढाणी सुरली वार्ड न.13 स्थित भोमिया जी मंदिर परिसर से विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल के विशिष्ट आतिथ्य में कलश यात्रा शुरू की गई। इसमें 501 महिलाएं सिर पर कलश लिए हुई थीं। इस यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जहां महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए कतारबद्ध खड़ी थीं। आरती और मंत्रोच्चारण के बीच जब कलश यात्रा प्रारंभ हुई तो वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाएं पारंपरिक गीतों पर नाचते-गाते हुए आगे बढ रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु डीजे और राजस्थानी अलगोजा की धुनों के साथ नाचते गाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा का रास्ते में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए ढाणी गोपाला स्थित भोमिया जी मंदिर तक पहुंची, जहां प्रसादी वितरण एवं राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता धोलाराम यादव ने बताया कि तेज तापमान को देखते हुए सड़क पर पानी

- पावटा प्रागपुरा की ढाणी सुरली वार्ड नम्बर तेरह स्थित भोमिया जी मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू की गई।

के टैंकर से छिड़काव करवाया गया जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिल सके। साथ ही प्रमुख स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई। कलश यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं अपितु समाज को एकजुट करना और सांस्कृतिक विरासत को सहेजना भी था। इस दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि टिंकू सैनी, सरपंच प्रतिनिधि मदन, राजाराम गुर्जर पूर्व सरपंच, भैरूजी अध्यक्ष यादव महासभा पावटा, कानाराम, हरलाल, शिंभू गुरुजी, सुरेश, जगमाल, राजू , जयराम, डालू , रामनिवास, धूडमल, प्रहलाद, बीरबल, रोहिताश, कालूराम, मूलचंद, नाथुराम, बंशी, सतवीर,बाबूलाल, श्योपाल, पप्पू , पुरण, हनुमान, ग्यारसी लाल, धुनाराम, सरजन, शंकर सहित श्रद्धालु व महिलाए मौजूद रही ।

तिरंगा देश की शान और हर भारतीय के दिल का स्वाभिमान है : भूपेंद्र यादव

खैरथल। भारतीय सेना के सम्मान व आपरेशन सिंदूर के सफल होने पर अलवर सांसद व केंद्रीय मत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में जिला मुख्यालय खैरथल पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के आयोजक पूर्व विधायक रामहेत यादव थे। यात्रा शहीद भगतसिंह चोक बिजली घर किशनगढ़बास रोड से शुरू होकर झूलेलाल मंदिर, हेमू कल्याणी चोक, रेलवे फाटक, तिरंगा बाजार, पुरानी अनाज मंडी होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में जिले के नेता

- खैरथल में निकाली गई तिरंगा यात्रा

शामिल रहे। तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए खैरथल सहित किशनगढ़ बास, कोटकासिम, हरसोली, मोठूका मंडल से हजारों की संख्या में लोग भारतीय सैनिकों के पराक्रम जज्बे को सलाम करने पहुंचे। सबके हाथों में लहराता तिरंगा और भारत माता की जय और 'वंदे मातरम' के नारे से गूंजती आवाज ने लोगों के दिलों में देश भक्ति का जज्बा भर दिया और सेना व तिरंगा यात्रा के सम्मान में दुकानों के बाहर खड़े होकर दुकानदारों ने भारत माता वन्दे

खैरथल में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित नेता व अधिकारी मौजूद रहे ।

मातरम के नारे लगाए। जगह जगह रास्तों से निकली यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। मीठे जल की व्यवस्था की गई।

इस दौरान अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि "तीन रंगों का यह तिरंगा देश की शान है, यह हर भारतीय के दिल का स्वाभिमान है।

यही गंगा है, यही हिमालय है, यही हिंद की जान है और यही तीन रंगों में रंगा हुआ अपना हिंदुस्तान है। उन्होंने देश के युवाओं से आ ान किया कि वे स्वच्छता, विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देकर भारत को 2047 तक विश्व की अठाणी शक्ति बनाने में भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने शहरों को स्वच्छ रखें, खेतों में युवाओं को प्रोत्साहित करें, और विद्यार्थियों में विज्ञान की भावना विकसित करें तो हम आने वाली सदी में भारत की सामर्थ्य को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक मंच पर आतंकवाद के विरुद्ध लिए गए ऐतिहासिक और पराक्रमी निर्णय का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत की सेनाओं ने निर्णय को धरातल पर उतारने में अपनी पराक्रम और क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन किया है। इसी समर्थन में आज खैरथल की जनता ने यह भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की है।

इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया है। इस दौरान पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, नगर परिषद सभापति हरीश रोघा, इंद्र यादव, अंजली यादव सहित अनेक प्रबुध व्यक्ति, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा बडी संख्या में ठामीण मौजूद रहे। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सांसद संपर्क संवाद यात्रा के तहत मुंडावर की ठाम पंचायत शामदा पहुंचे।

सार-समाचार

कलश यात्रा श्रद्धा के साथ निकली

राजगढ़ । माता शीतला सेवा समिति के तत्वाधान में शनि जन्मोत्सव के उपलक्ष में गणेश पोल से भव्य मंगल कलश यात्रा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ निकली। कलश यात्रा का शुभारंभ अवधूत आश्रम के महंत अमन भारती जी महाराज बाग वाली सरकार के महंत सजल अरोड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने ध्वज दिखाकरकिया। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि मंगल कलश यात्रा गणेश पोल से प्रारंभ होकर पंडित भवानी शाह चौक चौपड़ बाजार, नेहरू सर्किल, मालाखेड़ा बाजार होते हुए शनि मंदिर स्थल पर पहुंची । लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने बताया कि कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में मंगल गीत गाकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। पार्षद गौरव कसेरा ने बताया कि कलश यात्रा पूर्ण होने के पश्चात शनि मंदिर पर सामूहिक मंगल हवन पंडित पूर्ण चंद के द्वारा संपन्न हुआ। पार्षद सुनीता प्रजापत ने बताया कि बुजुर्गों के लिए नवनिर्मित श्रीआश्रय स्थल का उद्घाटन तहसीलदार वी पी सिंह नरूका, शहर कोतवाल राजेश मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया एवं सेवानिवृत्ति शिक्षाविद योगेश वशिष्ठ ने किया एवं बुजुर्गों को सोपा। गायत्री शक्तिपीठ की प्रमुख मीना खंडेलवाल एवं प्रीति विजय ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम में खीर और पुआ का भोग लगाकर सभी महिलाओं को और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गर्मी का मौसम को देखते हुएशर्बत की छबील लगाकर शरबत वितरित किया। इस अवसर पर राहुल दीक्षित, अजय यादव, एन एल वर्मा, प्रदीप महावर, एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, एडवोकेट योगेश व्यास, एडवोकेट भारत सिंह, एडवोकेट महेंद्र तिवारी, विजेंद्र मिश्रा, श्याम सुंदर विजय, गिरिराज प्रजापत राजेश्वरी शर्मा, पार्षद रूपनारायण मीना सहित काफी संख्या में महिला और गणमान्य जन उपस्थित रहे।

शिव पब्लिक स्कूल के नये कीर्तिमान

टोंक। देवली उपखण्ड के सरोली मोड स्थित शिव पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं व 8वीं बोर्ड परिणाम में विद्यार्थियों ने स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। प्रबंध निदेशक पवन माहेश्वरी ने बताया की कक्षा 8 में 36 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, कक्षा 12 के 30 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ जिले में अपना स्थान बनाया है। कला, विज्ञान, कृषि संकाय में 72 छात्राओं का गार्गी पुरष्कार मे चयन एंव शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहने पर विद्यालय परिवार मे खुशी का माहौल छाया हुआ है। विद्यालय के शिव बाल छात्रावास का होनहार छात्र कुलदीप मीणा ने विज्ञान वर्ग में 96 प्रतिशत एवं भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित में 98 प्रतिशत व गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त करने पर निदेशक शिवजी लाल चौधरी द्वारा आगामी विजयोत्सव में मोटरसाईकल पुरस्कार स्वरुप देने की घोषणा की गई। प्रधानाचार्य घासीलाल बलाई ने बताया की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यार्थियों व अभिभावको को स्मृति चिन्ह, साफा व दुपट्टा पहना कर मुंह मीठा कर भव्य आतिशबाजी के साथ खुशियां मनाई गई, वही सर्वोच्च अंक प्राप्ति पर विद्यार्थियों व विद्यालय परिवार मे बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। विद्यालय ने लगातार 10 वर्षों से परिणाम मे सर्वश्रेष्ट स्थान बनाया है। उक्त अवसर पर स्कूल प्रशासक विजय सिंह मीणा, जलसिना, शंकर बराला, ऋषिपाल गुर्जर, विकास काबरा, राकेश मीणा, रमेश शेरवाल, हरि शंकर सैनी, दीपक राजोरा,अशोक जैन, राजेश मेहरा अभिभावक व छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

पदयात्रा का शिक्षक करेंगे स्वागत

निवाई। जाट धर्मशाला में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की बैठक संघ के अध्यक्ष श्रीराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संगठन के प्रदेश संयुक्त मंत्री शिवजीलाल ताखर ने बताया कि संगठन के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक 2 जून को जयपुर में घेराव व विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसको लेकर कई जिलों से जयपुर के लिए संभाग स्तरीय पदयात्रा रवाना हुई। उन्होंने बताया कि पदयात्रा 21 मई को कोटा से शुरू हुई। जो 26 मई को टोंक में प्रवेश हुई। इस दौरान देवली, उनियारा, टोडारायसिंह, मालपुरा व पीपलू तहसील के शिक्षकों द्वारा पद यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पदयात्रा 28 मई को सुबह बरोनी पहुंचेगी। जहां स्थानीय शिक्षकों द्वारा स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में जयपुर में आयोजित घेराव को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। पूर्व प्रांतीय मंत्री रामवतार चौधरी ने बताया कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों से सरकार दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है, जबकि शिक्षकों का यही वर्ग सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने पद यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर घेराव को सफल बनाने का आव्हान किया। बैठक में भंवरलाल चौधरी, प्रहलाद गुर्जर, मनमोहन चौधरी, प्रेमचंद बैरवा, विनोद जैन, मुकेश विजय, रामधन गुर्जर, शंकरलाल चौधरी, सीताराम चौधरी, लालचंद मीणा व बुद्धराम चौधरी सहित कई शिक्षकों ने विचार व्यक्त किया।

कलश स्थापित

निवाई। शहर के हनुमान नगर में स्थित अभयदाता हनुमान मंदिर में 31 फीट ऊंचे शिखर पर पीतल के कलश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिखर पर चढ़ाया गया। मंदिर संरक्षक जगदीशप्रसाद शर्मा ने बताया कि हनुमान मंदिर में सुबह 7 बजे स्थापना से पूर्व कलश को नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान एक श्रद्धालु ध्वज लेकर चल रहा था। नगर भ्रमण यात्रा में शामिल श्रद्धालु रामधुनी करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा कॉलोनी के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए अभयदाता हनुमान मंदिर पहुंची। दोपहर को शिखर पर कलश की स्थापना की गई और शाम को प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। हरे राम हरे कृष्णा की रामधुनी के साथ श्री हनुमान भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान कई भक्तों का जमावड़ा देर रात तक लगा रहा।

मृतक की दूसरे दिन भी नहीं हुई पहचान

निवाई। सदर पुलिस थाना क्षेत्र के चनानी फाटक के समीप रेलवे ट्रेक पर रविवार की रात करीब 10:30 बजे एक 32 वर्षिय युवक का शव मिला था। जिसकी मंगलवार को भी पहचान नहीं हुई है। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि जयपुर से इन्दौर जाने वाली ट्रेन से चनानी फाटक के समीप रेलवे ट्रेक पर संतुलन खराब होने से एक यात्री गिर गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को उप जिला अस्पताल निवाई की मोर्चरी में रखवाया है। मंगलवार को भी मृतक की पहचान नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक का रंग गेंहुआ है और नीले रंग की पेंट व आसमानी रंग की शर्ट पहन रखी है। पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है।

घनश्याम तिवारी ने किये रामलला के दर्शन

चाकसू। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को अयोध्या धाम पहुंचकर श्री राम मंदिर, कनक भवन तथा हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और राजस्थान की खुशहाली की कामना की। भारतीय जनता पार्टी विशेष संपर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अवधेश शर्मा ने बताया कि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या धाम पहुंचे तथा अयोध्या स्थित श्री नरबदा बाई सेवा आश्रम व डांडिया मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली इस दौरान तिवाड़ी ने सरयू स्नान किया तत्पश्चात राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए साथ ही कनक भवन और हनुमानगढी हनुमान जी के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान अयोध्या के संत महंतों से धार्मिक चर्चा भी की।

कार्यकारिणी का स्वागत

कोटपूतली। कस्बे के वार्ड नं. 01 ढाणी हलावाली में सैनी सभा संस्था की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सुभाष जमालपुरिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रामसिंह सैनी, उपाध्यक्ष प्रकाश तौंदवाल, सचिव एड. योगेश सैनी का स्वागत किया गया। वहीं पत्रकार बिल्लूराम सैनी के अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन प्रदेश मीडिया प्रभारी बनने पर स्वागत किया गया।